This question paper contains 4 printed pages.

8871 आपका अनुक्रमांक ____________

B.A. (बी० ए०) / II **AS**

HINDI (A)— Paper II

हिन्दी (क)— प्रश्न-पत्र II

(भाषा-दक्षता, हिंदी साहित्य का इतिहास, नाटक, आधुनिक काव्य-संग्रह)

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक :* 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

टिप्पणी:— *प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL / NCWEB / Non-Formal Cell के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में, कम होंगे।*

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) बंदी सोते हैं, घर-घर श्वासों का,
दिन के दुख का रोना है निश्वासों का,
अथवा स्वर है लोहे के दरवाजों का,
बूटों का, या संतरी की आवाजों का,
या गिनने वाले करते हाहाकार।
सारी रातों है— एक, दो, तीन, चार— !

मेरे आँसू की भरी उभय जब प्याली,
बेसुरा मधुर क्यों गाने आई आली ?

अथवा

अवरूण वसुधा से एक झलक
वह स्मित मिलने को रहा ललक
जिसके प्रकाश में सकल कर्म
बनते कोमल उज्ज्वल उदार,
धीरे से वह उठता पुकार—
मुझको न मिला रे कभी प्यार। 10

(ख) तू तरुण देश से पूछ अरे,
गूँजा यह कैसा ध्वंस राग ?
अंबुधि-अंतस्तल बीच छिपी
यह सुलग रही है कौन आग ?
प्राची के प्रांगण बीच देख
जल रहा स्वर्ण-युग-अग्नि-ज्वाल,
तू सिंहनाद कर जाग तपी !
मेरे नगपति ! मेरे विशाल !

अथवा

अक्सर जब तुमने वंशी बजाकर मुझे बुलाया है और मैं मोहित मृगी-सी भागती चली आई हूँ और तुमने मुझे अपनी बाहों में कस लिया है तो मैंने डूबकर कहा है :

कनु मेरा लक्ष्य है, मेरा आराध्य, मेरा गंतव्य ! 10

2. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सम्मान प्राप्त होने पर सम्मान के प्रति प्रकट की गयी उदासीनता व्यक्ति के महत्त्व को बढ़ा देती है। तुम्हें प्रसन्न होना चाहिए कि तुम्हारा भागिनेय लोकनीति में भी निष्णात है।

अथवा

अर्थ बहुत स्पष्ट है। वे यहाँ की हर वस्तु को विचित्र रूप में देखते हैं और उस वैचित्र्य को यहाँ से जाकर दूसरों को दिखाना चाहते हैं। तुम, मैं, यह घर, ये पर्वत, सब उनके लिए विचित्र के उदाहरण हैं। मैं तो उनकी सूक्ष्म और समर्थ दृष्टि की प्रशंसा करता हूँ जो यहाँ वैचित्र्य नहीं, वहाँ भी वैचित्र्य देख लेती है। 8

3. किसी **एक** कविता का प्रतिपाद्य लिखिए :

   आर्यपुत्र दे चुके परीक्षा, अकाल और उसके बाद। 8

4. किसी **एक** कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए :

   सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'। 7

5. 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

   अथवा

   मल्लिका का चरित्र-चित्रण कीजिए। 12

6. भक्तिकाल **अथवा** रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। 10

7. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए :

   (*क*) रासोकाव्य

   (*ख*) ज्ञानाश्रयी शाखा

   (*ग*) रीतिमुक्त काव्यधारा। 10

8. (*क*) मानक हिन्दी के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। 5

   (*ख*) राष्ट्रभाषा और राजभाषा का अंतर स्पष्ट कीजिए। 5

(ग) देवनागरी लिपि की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 5

(घ) किन्हीं **पाँच** कार्यालयी-प्रशासनिक अभिव्यक्तियों के हिन्दी प्रतिरूप लिखिए :

(*i*) Action may be taken as proposed, Charge handed over, Deduction at source, Do the needful, Issue as amended, May be informed accordingly, Seen and returned with thanks, We have no remarks to offer. 5

(*ii*) किन्हीं पाँच अंग्रेज़ी मुहावरों और लोकोक्तियों के हिन्दी-प्रतिरूप लिखिए :

A bird in hand is worth two in the bush, Apple of one's eye, Easy come easy go, Hold your mouth, To bark at the moon, To freeze out, To walk in air, Where there is a will there is a way. 5